लोक अदालत | मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने दिया प्रेरणादायी संदेश

# नेशनल लोक अदालत में निराकृत हुए अनेक प्रकरण






**नवभारत, धनपुरी,देपालपुर।** तहसील विधिक सेवा समिति एवं अधिवक्ता संघ देपालपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर एक गरिमामय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मुख्य आतिथ्य एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंतर सिंह मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर तहसील देपालपुर क्षेत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि मेधावी विद्यार्थी केवल अपने परिवार की आशाओं का केंद्र नहीं होते, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता होते हैं। आप सबकी मेहनत, अनुशासन और लगन ही आने वाले भारत की दिशा तय करेगी।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश श्री खान ने कहा कि शिक्षा ही वह दीपक है, जो अज्ञानता का अंधकार मिटाकर जीवन को नई दिशा देता है। माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्वयं के परिश्रम का सम्मान करते हुए निरंतर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान ने नेशनल लोक अदालत के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल मुकदमों के निपटारे का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, आपसी समझौते और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि जहाँ संवाद होता है, वहाँ विवाद समाप्त हो जाता है और नेशनल लोक अदालत न्याय का ऐसा उत्सव है, जहाँ समय, धन और ऊर्जा की बचत के साथ संबंधों में मधुरता बनी रहती है। कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से सभी मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ न्यायाधीश श्रीमती रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़,दिव्या श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंतर सिंह मौर्य, सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह, एडीपीओ विशाल गुप्ता, ईशराम गड़रिया, अंतर सिंह डाबर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र पटेल, मालती जोशी, कोषाध्यक्ष रजनी पवार,सीएल पटेल, प्रकाश धाकड़, प्रदीप पाटीदार, विजय नागर, चेतन राठौर,चिंतामन बाथम, दुलेन्द्र जैन, आनंद वर्मा, नायब नाजिर दिलीप यादव, विशाल राठी, पत्रकार संघ अध्यक्ष विमल वर्मा पवन सोनी, शिक्षक इंदर परमार,दिनेश वारसकल, विमल वर्मा,सभी बैंकों के प्रबंधक, नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी, न्यायालय स्टाफ,सहित सभी अधिवक्ता संघ के सभी अभिभाषक गण सहित मेधावी विद्यार्थियों के परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल प्रभावी संचालन अधिवक्ता चेतन हार्डिया एवं आभार सचिव दिनेश डोंड ने व्यक्त किया। नेशनल लोक अदालत में बैंको के 29 वसूली प्रकरणों में 31 लाख 51 हजार पांच सौ रूपये एवं नगर परिषद के जलकर एवं संपत्तिकर के 54 प्रकरणों में 2 लाख 53 हजार छह सौ रुपए एवं न्यायालयों के लंबित 35 प्रकरणों में 18 लाख 96 हजार आठ सौ रुपए के अवार्ड पारित किए गए। समारोह ने यह संदेश दिया कि न्याय और शिक्षा दोनों ही समाज को प्रकाशमान करने वाले ऐसे स्तंभ हैं, जिन पर एक सशक्त, संवेदनशील और प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण होता है।






# आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण वैवाहिक विवाद का भी सौहार्दपूर्ण समाधान

**नवभारत, बुढ़ार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के अध्यक्ष काशीनाथ सिंह के निर्देशन में तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार द्वारा नेशनल लोक अदालत का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस लोक अदालत में न्याय के साथ मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। लोक अदालत हेतु चार खंडपीठों का गठन किया गया, जिनमें माननीय न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल, नरेंद्र कुमार भण्डारी, दिशा रामटेके एवं लक्ष्मण रोहित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। न्यायिक प्रक्रिया के सफल संचालन में अतिरिक्त सहायक अभियोजन अधिकारी कुर्वेद शाह ठाकुर, संतोष कुमार पाटले, अपर लोक अभियोजन अधिकारी अशोक सिसोदिया, वरिष्ठ कर्मचारी एवं नायब नाजिर राजकुमार पैकरा सहित अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

लोक अदालत का सर्वाधिक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी पक्ष उस समय देखने को मिला, जब वैवाहिक विवाद से संबंधित एक प्रकरण का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। यह प्रकरण हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 07 के अंतर्गत सीमांत बनाम मधु के रूप में न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल की खंडपीठ क्रमांक-17 में विचाराधीन था। प्रकरण के अनुसार वर्ष 2022 में हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप विवाह संपन्न हुआ था, किन्तु कालांतर में उत्पन्न वैचारिक मतभेदों ने वैवाहिक जीवन में दूरी उत्पन्न कर दी। नेशनल लोक अदालत में माननीय न्यायाधीश द्वारा दोनों पक्षों को धैर्य, संवाद एवं पारस्परिक सम्मान का महत्व समझाते हुए सकारात्मक परामर्श प्रदान किया गया। फलस्वरूप दोनों पक्षों ने आपसी सहमति एवं प्रसन्नतापूर्वक राजीनामा कर लिया। न्यायालय द्वारा विधिवत साक्ष्य अभिलिखित कर प्रकरण का निराकरण किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर दोनों पक्षों को पुष्पमालाएँ पहनाकर सम्मानित किया गया तथा माननीय न्यायाधीश द्वारा आशीर्वादस्वरूप पौधे भेंट किए गए।

# आंधी-तूफान से शहर में ब्लैकआउट

▸ रातभर जुटे रहे बिजलीकर्मी कई क्षेत्रों में बहाल हुई आपूर्ति



**नवभारत,शहडोल।** शुक्रवार की रात्रि आए तेज चक्रवाती आंधी, तूफान और बारिश ने शहर की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई पेड़ और होर्डिंग धराशायी हो गए, जबकि दर्जनों स्थानों पर बिजली के तार और केबल टूटकर जमीन पर गिर गए। कई जगहों पर बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरे शहर में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के शहडोल शहर वितरण केंद्र के अनुसार प्राकृतिक आपदा के चलते विद्युत लाइनों पर पेड़-पौधों और उनकी शाखाओं के गिरने से व्यापक नुकसान हुआ। हालात गंभीर होने के बावजूद बिजली विभाग के जांबाज लाइन कर्मचारियों ने पूरी रात अथक मेहनत कर बाधित लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य किया और धीरे-धीरे विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों ने जोखिम भरे हालात में लगातार कार्य करते हुए उपभोक्ताओं तक जल्द से जल्द बिजली सेवा पहुंचाने का प्रयास किया। बिजली विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से बिजली आपूर्ति बाधित होने पर वे शिकायत दर्ज कराने के लिए शहडोल शहर वितरण केंद्र के दूरभाष क्रमांक 07652-240332 अथवा विभागीय टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क करें, ताकि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके तेज आंधी के कारण शहर में कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित रहा, हालांकि विभाग द्वारा युद्धस्तर पर किए गए कार्यों से अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति सामान्य होने लगी है।

# गौमाता के साथ घृणित कृत्य पर फूटा जनाक्रोश

▸ विहिप-बजरंग दल, अटल कामधेनु संस्थान ने दी थाना घेराव की चेतावनी



**नवभारत, बुढार।** बीते दिनों बुढ़ार नगर मे रात्रि लगभग 1बजे राजा होटल के सामने एक युवक द्वारा गौमाता के साथ कथित अप्राकृतिक कृत्य की शर्मनाक घटना सामने आई है। मामले का पता उस वक़्त चला जब राजा होटल मे लगे सी सी टीवी कैमरे को खांगला गया तब एस घटना की जानकारी सामने आई, जिसको को लेकर नगर में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुढार थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी एवं कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

संगठनों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो बुढार थाना का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि गौमाता भारतीय संस्कृति, सनातन आस्था और धार्मिक भावनाओं का केंद्र हैं, उनके साथ इस प्रकार का घिनौना और अमानवीय कृत्य पूरे हिंदू समाज को आहत करने वाला है। संगठनों ने आरोप लगाया कि यदि ऐसे अपराधियों पर समय रहते कठोर कार्यवाही नहीं हुई, तो समाज में कानून का भय समाप्त हो जाएगा और असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ेंगे।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता एवं पशु क्रूरता अधिनियम की सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे अपराधियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण न देने की बात कही गई। संगठनों ने साफ शब्दों में कहा कि हिंदू समाज गौमाता के अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि पुलिस प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं लेता, तो व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। घटना को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोगों में पुलिस कार्यवाही को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी तेजी और सख्ती दिखाता है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा सी सी टीवी फुटेज प्राप्त हुआ है जल्द ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी और उस पर पशु क्रूरता अधिनियम के साथ ही कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**विनय सिंह गहरवार**
**थाना प्रभारी बुढ़ार**

## पं .शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर मिली नई पहचान



**नवभारत, शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल के मत्स्य विज्ञान विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विभाग के शोधार्थी राजपाल पाटले तथा बी.एफएससी. के प्रतिभाशाली विद्यार्थी कैवल्य प्रजापति एवं अंजलि पटेल का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान में लिम्नोलॉजी एवं टॉक्सिकोलॉजी विषयक अनुसंधान परियोजना हेतु इंटर्नशिप के लिए किया गया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान क्षमता तथा विभाग में संचालित गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं प्रशिक्षण का परिणाम मानी जा रही है। चयनित विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान जल गुणवत्ता विश्लेषण, जलीय पारितंत्र अध्ययन, पर्यावरणीय विषाक्तता परीक्षण एवं आधुनिक अनुसंधान तकनीकों पर विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिलेगा।इसके साथ ही विद्यार्थियों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके वैज्ञानिक कौशल और अनुसंधान क्षमता में और अधिक निखार आएगा। विश्वविद्यालय परिवार एवं विभाग के शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसईसीएल के निदेशक तकनीकी स्व . अरुण को भावभीनी श्रद्धांजलि

**धनपुरी,नवभारत।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) परिवार के लिए अत्यंत दु:खद एवं मर्मांतक समाचार उस समय सामने आया, जब एसईसीएल के पूर्व महाप्रबंधक एवं नवनियुक्त निदेशक तकनीकी स्वर्गीय अरुण कुमार त्यागी का एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से समूचे सोहागपुर क्षेत्र सहित कोयलांचल में शोक की गहरी लहर व्याप्त हो गई।



स्वर्गीय अरुण त्यागी ने अपने कर्ममय जीवन की शुरुआत सोहागपुर एरिया अंतर्गत अमलाई भूमिगत खदान से की थी। अपने अद्वितीय कार्यकौशल, तकनीकी दक्षता, सरल स्वभाव एवं अनुशासित व्यक्तित्व के बल पर उन्होंने कोयला उद्योग में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की। एक सामान्य अधिकारी से लेकर निदेशक तकनीकी जैसे सर्वोच्च दायित्व तक का उनका सफर संघर्ष, समर्पण और कर्मनिष्ठा की प्रेरणादायी गाथा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वर्गीय त्यागी अपनी इनोवा वाहन क्रमांक CG11AM5002 से नागपुर की ओर जा रहे थे, तभी मार्ग में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया। सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी. के. जेना ने गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय अरुण त्यागी एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी तकनीकी विशेषज्ञ एवं अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी थे। उनका असमय निधन न केवल एसईसीएल, बल्कि सम्पूर्ण कोयला उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति है। डायरेक्टर टेक्निकल अरुण कुमार त्यागी के दुखद निधन पर सेवानिवृत्त डायरेक्टर टेक्निकल शंकर नागाचारी महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव एरिया कार्मिक प्रबंधक बलराम हेंब्रम उप क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा पी रमन्ना पी हरी बाबू संजय कुमार सिंह कार्मिक प्रबंधक राजेंद्र चतुर्वेदी सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह श्रम संगठन से शिवरीनारायण मिश्रा शशि भूषण शुक्ला, अमरजीत सिंह, द्वारका प्रसाद मिश्रा, ओमकार द्विवेदी राजेश शर्मा सहित अनेकों लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## नशे में धुत चालक ने बारातियों की जान जोखिम में डाली

▸ महुआ पेड़ से टकराई बस बड़ा हादसा टला




**नवभारत,शहडोल।** जिले में शनिवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब ब्यौहारी लौट रही बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ के पेड़ से जा टकराई। गनीमत रही कि बस में सवार सभी बराती सुरक्षित बच गए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यौहारी क्षेत्र के ग्राम जमोड़ी से बारात बहेरिया गई थी। बारात में शामिल दादू एंड संस की बस क्रमांक एमपी 18 पी 0655 शनिवार सुबह बारातियों को लेकर वापस जमोड़ी लौट रही थी। बारातियों ने आरोप लगाया कि बस चालक शुक्रवार रात बारात निकासी के दौरान भी शराब के नशे में था। उस समय लोगों के विरोध के बाद उसने शराब पीना बंद कर दिया था, लेकिन शनिवार सुबह भी वह नशे की हालत में बस चला रहा था। बताया गया कि चालक तेज रफ्तार में बस चला रहा था, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित महुआ के पेड़ से जा टकराया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बाद में दूसरे चालक की व्यवस्था कर सभी बारातियों को सुरक्षित जमोड़ी पहुंचाया गया। घटना के बाद क्षेत्रवासियों और बारातियों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कनिष्ठ अभियंता के प्रयासों से विद्युत विकास को मिली नई दिशा




**धनपुरी, नवभारत।** ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में लखवरिया (कुदरी) में 33/11 के.वी. विद्युत उपकेंद्र निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, शहडोल द्वारा जनजातीय उपयोजना अंतर्गत लगभग 280 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने जा रही यह परियोजना क्षेत्र के विद्युत विकास का नया अध्याय सिद्ध होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मूर्त रूप देने में कनिष्ठ अभियंता अजीत श्रीवास्तव की सक्रियता, दूरदर्शिता और समर्पित कार्यशैली की विशेष सराहना की जा रही है। उनके सतत प्रयासों एवं तकनीकी मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप लंबे समय से विद्युत समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बेहतर और स्थायी विद्युत व्यवस्था मिलने की उम्मीद जगी है। क्षेत्रवासियों ने भी उनकी कार्यकुशलता और जनहितकारी सोच की प्रशंसा करते हुए उन्हें विकास का संवेदनशील अधिकारी बताया।

भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल सांसद माननीय श्रीमती हिमाद्री सिंह उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य माननीय जगन्नाथ श्याम की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों ने इस परियोजना को ग्रामीण विकास और जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विद्युत केवल सुविधा नहीं, बल्कि आधुनिक विकास की आधारशिला है। ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और लघु उद्योगों को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। कनिष्ठ अभियंता अजीत श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर, सुरक्षित और सुचारु विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह उपकेंद्र भविष्य की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुए इस भूमिपूजन समारोह ने विकास और लोककल्याण की भावना को साकार रूप प्रदान किया। लखवरिया में बनने जा रहा यह 33/11 के.वी. उपकेंद्र केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रगति, जनआकांक्षाओं और आधुनिक ऊर्जा संरचना के नवयुग का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

साजिश | हत्या कर रेल से दुर्घटना होने का रचा षणयंत्र, निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग

# नहीं हुई सुनवाई तो बेटे को न्याय दिलाने मां ने एसपी से लगायी गुहार

**नवभारत, ब्योहारी।** सुबांशु कोल की अतुल कोल द्वारा हत्या कर छतैनी स्टेशन मे रेल की पटरी मे रख रेल दुर्घटना होने का षणयंत्र किये जाने का आरोप लगाते हुए मृतक की मॉ श्यामवती ने निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग को लेकर थाना ब्योहारी मे आवेदन दिया किन्तु ब्योहारी पुलिस द्वारा आवेदन न लेकर उसे व उसके पति और पुत्र को डांट फ्टकार कर भगा दिया जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक शहडोल से कर निष्पक्ष जांच व कार्यवाही कराया जा कर पुत्र को न्याय दिलाये जाने की गोहार लगायी है।

### पुलिस पूंछताछ में बार-बार अतुल बदल रहा था बयान



मृतक सुबांशु कोल की मॉ श्यामबती के अनुसार बड़ा लड़का विपिन कोल दिनांक 25ध02/2026 को सुबांशु को ब्योहारी रेलवे स्टेशन छोड़ने गया था जिसके साथ अतुल कोल, ढोढा निवासी रामसुहावन कोल और एक और ब्यक्ति जिसका नाम हमें मालूम नहीं है सभी लोग साथ मे ब्योहारी स्टेशन गये जिन्हे छोड़कर विपिन वापस आ गया। अतुल के पिता छक्केलाल ने रात 3 बजे मेरे बड़े पुत्र के पास फोन से बताया कि अतुल का फोन आया था कि सुबांशु का छतैनी स्टेशन मे एक्सीडेंट हो गया है। विपिन छक्केलाल के साथ छतैनी स्टेशन गया जंहा कुछ पुलिस वाले, छक्केलाल के रिश्तेदार और हमारी भतीजी व दमाद वंहा थे। अतुल व वंहा उपस्थित लोगों द्वारा बताया गया कि सुबांशु की ट्रेन दुर्घटना मे मृत्यु हो गयी है, पुलिस ने कहा कि ब्योहारी चलकर थाना मे सूचना लिखवाओ। मृतक की मॉ ने बताया कि थाना मे सूचना दर्ज करते समय पुलिस के पूँछ तांछ मे अतुल बार बार अपना ब्यान बदलकर घटना की बात बता रहा था। पुलिस द्वारा अतुल के बताये अनुसार मर्ग सूचना 22ध2026 दर्ज की गयी है।

### हत्या की शंका न होने के लिये रचा गया षणयंत्र

मेरी भतीजी और दमाद घटना स्थल पर जाकर देखे कि जैसे कोई मारकर पटरी मे लेटा दिया हो और ट्रेन आने पर वह दो हिस्से मे कटकर पटरी के दोनों तरफ पड़ा था। गौरतलब है कि यदि वह जीवित अवस्था मे दुर्घटना ग्रस्त हुआ होता तो पटरी से सटे हुए दोनों भाग न होकर पटरी से हटकर शव पाया जाता। अतुल ने विजयसोता रेलवे स्टेशन मे पानी पीने के लिये उतरना एवं ट्रेन छूट जाने पर पैदल रेलवे ट्रैक पर चलना पुलिस को बताया है जबकि हकीकत यह है कि अतुल कोल ने मेरे पुत्र को बहाना बनाकर ट्रेन से उतरा और उसके साथ मारपीट करते हुए हत्या की गयी है किसी को शंका न हो इसलिए छुपाने के लिये छतैनी स्टेशन पर पटरी मे लेटाने का आरोप लगाया है।

### ट्रेन की आवाज न सुनना गले के नीचे नहीं उतर रही बात

अतुल ने पुलिस को बताया है कि ट्रेन कि आवाज नहीं सुन पाये और अचानक ट्रेन आ गयी जिसके कारण घटना घटित हुई है यह बात गले के नीचे नहीं उतर रही क्योंकि ट्रेन की आवाज इतनी तेज होती है कि आधा किलोमीटर दूर तक उसकी आवाज सुनाई देती है। सबसे बड़ी बात यह कि यदि उसके द्वारा हत्या नहीं की गयी तो जिस मोबाईल से घटना की जानकारी अपने पिता और रिस्तेदारो को दिया था उसे एवं सिम को क्यों तोड़कर फेक दिया जिसे स्टेशन मास्टर छतैनी ने अपने आँखों से देखा है। ब्योहारी पुलिस इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है जिस कारण पुलिस अधीक्षक शहडोल को पत्र देकर न्याय दिलाये जाने मांग की है अब देखने वाली बात यह कि पुलिस इसे कितनी गंभीरता से लेती है और क्या कार्यवाही करती है।